जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2022/ 10 दिनांक : 25/07/2022

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

आवश्यक सूचना

विषयः- स्नातकोत्तर/ स्नातक - एम.ए., एम.कॉम., एम.एस.सी, एल.एल.बी. (II,IV,VI), बी.ए.एल.एल.बी. (II,IV,VI,VIII,X) एल.एल.एम., एम. एच.एस.सी., समस्त एम.बी.ए., द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर जून 2022 (संस्थागत/अस्थांगत/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी.) की प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा, के अंक ऑनलाइन अपडेट किये जाने हेतु ।

सन्दर्भः- म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग(मंत्रालय) के आदेश क्रमांक 58/08/2022/38, दिनांक 25.01.2022 ।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रायोगिक परीक्षा जून 2022 के लिए समस्त संस्थागत/अस्थांगत/नियमित/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. परीक्षा के परीक्षार्थियों की आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षायें दिसम्बर 2021 की परीक्षा के लिए नियुक्त बाह्य परीक्षकों से ही करवाकर उनके अंक दिनांक 03.08.2022 तक एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल आवश्यक रूप से अपडेट करें।

विशेष नोटः- आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपडेट करने से शेष न रहें। पोर्टल पर अंक भरते समय पर किसी भी परीक्षार्थी के अनुक्रमांक के सम्मुख अंकित कॉलम में अंक अथवा अनुपस्थित (ABSENT) ही अंकित करें। प्रदर्शित शीट में रिक्त अथवा डेस/अन्य कुछ अंकित नहीं करें। विश्वविद्यालय द्वारा आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपडेट नहीं करने अथवा आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा एवं थ्योरी परीक्षा के अंक हेतु निर्धारित पोर्टल पर अंक अपडेट नहीं होने की दशा में छात्र को उक्त विषय में अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एवं महाविद्यालय प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष अध्ययनशाला के स्वंय का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति में छात्र के आफलाइन आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक अंक मान्य नहीं किये जावेगे। अंक निर्धारित अवधि में अपडेट नहीं करने पर माननीय कार्यपरिषद के निर्णय अनुसार अर्थदंड की शस्ति अधिरोपित करने की कार्यवाही की जावेगी । **स्थायी समिति की विशेष्ज्ञ बैठक दिनाक 15.09.2021 के निर्णयानुसार पत्र/क्रं/एफ/अकादमी /सभा /2021/904/ दिनाक 15/09/21 के द्वारा यदि महा. से ऑनलाइन अंक प्रेषित करने मे को टंकण त्रुटि होती हे तो सबंधित महाविघालय परीक्षा परिणाम घोषित होने से पूर्व मूल रिकार्ड के साथ प्रति छात्र रुपये 1000/- अर्थ दण्ड जमा कर विश्वधियालय में अभ्यावेदन प्रस्तुत करने पर अंक सुधार किये जा सकते है । परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन प्रस्तुत करने पर अंक सूधार नहीं किये जायेगें एवं इसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित अग्रेषण अधिकारी की होगी ।**

अंक ऑलाईन भरने के पश्चात भरे हुये अंकों को बेवसाईट से प्रिंट कर प्राचार्य/प्राचार्या से प्रमाणित कराकर चार दिवस के भीतर विश्वविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा कराये।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1.समस्त, संपादक, स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में प्रसारित करने हेतु।
2.कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3.कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4.उप/सहा. कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5.श्री संजय बरथरिया एम0पी0ऑनलाइन प्रभारी, की ओर प्रायोगिक/आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट किये जाने हेतु पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु।

उप/सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)

Scanned with OKEN Scanner